प्रदेश में लोक कला विकास बोर्ड का होगा गठन

चर्चा में क्यों

14 जून, 2023 को राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिये लोक कला विकास बोर्ड का गठन किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

प्रमुख बिंदु

- इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गैर-सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड सचिव एवं कार्यकारी स्टाफ अलग से होगा। बोर्ड के गठन की कार्यवाही के लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।
- बोर्ड गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलवाना, रोजगार से जोड़ना, लोक कला संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना, कलाओं का प्रचार-प्रसार, संस्थाओं का पर्यवेक्षण करना शामिल है।
- इनके अलावा बोर्ड द्वारा सांस्कृतिक आदान-प्रदान सुनिश्चित करना, लोक कलाओं के संबंध में प्रकाशन, समीक्षा करना, लोक कला मेलों, प्रदर्शनी, व्याख्यानमाला, गोष्ठियों, समारोह का आयोजन करना तथा लोक कलाकारों का संरक्षण एवं संवर्द्धन करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/folk-art-development-board-will-be-formed-in-the-state